झारखण्ड उच्च न्यायालय, राँची

Advertisement No. 02/2013

झारखण्ड उच्च न्यायालय, राँची में स्टाफ कार चालक की रिक्तियों के विरुद्ध रु0 5,200 – 20,200/- के साथ रु0 1,900/- ग्रेड पे (नियम के अनुसार अन्य सामान्य भत्ते) के वेतनमान में अस्थायी पद पर स्टाफ कार चालक की नियुक्ति हेतु सक्षम उम्मीदवारों से विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। इच्छुक उम्मीदवार नीचे दिए गए निर्धारित प्रारुप में आवेदन महानिबंधक, झारखण्ड उच्च न्यायालय, राँची, झारखण्ड–834033 के नाम केवल निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट से आवेदन कर सकते हैं। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 15.04.2013 है। अंतिम तिथि के बाद आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएँगे। यह विज्ञापन झारखण्ड उच्च न्यायालय, राँची की वेबसाइट www. jharkhandhighcourt.nic.in *पर भी उपलब्ध है।*

<u>पात्रता मानदंड</u>

*1. किसी मान्यता प्राप्त विद्यालय से **दसवीं कक्षा/समकक्ष उत्तीर्ण** एवं **वैघ पेशागत हल्का मोटर वाहन चालन लाईसेंस** (**प्रोफेशनल** ड्राईविंग **लाईसेंस**) के साथ व्यवसायिक कार चालक के रुप में तीन वर्ष का अनुभव होना अनिवार्य है।*

2. अभ्यर्थियों के पास अच्छा स्वास्थय, अच्छा नैतिक चरित्र होना चाहिए और उन्हें नैतिक भ्रष्टाचार के किसी प्रकार या किसी भी अपराधिक केस में शामिल या संबद्ध नहीं होना चाहिए ।

3. अभ्यर्थियों की आयु दिनांक 31.01.2013 को 21 वर्ष से अधिक होनी चाहिए, पर सामान्य श्रेणी के अभ्यर्थियों की आयु 35 वर्ष, अत्यन्त पिछड़ा वर्ग (अनुसूची – 1) और पिछड़ा वर्ग (अनुसूची II) श्रेणी के लिए 37 वर्ष, महिला अनारक्षित/पिछड़ा एवं अत्यन्त पिछड़ा श्रेणी के लिए 38 वर्ष और अनुसूचित जनजाति/अनुसूचित जाति/शारीरिक विकलांग (पुरुष एवं महिला) श्रेणी के लिए 40 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

4. आरक्षण का लाभ नियमानुसार केवल झारखण्ड राज्य के निवासी अभ्यर्थियों को दिया जाएगा। अन्य राज्य के आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों को सामान्य श्रेणी का अभ्यर्थी माना जाएगा।

<u>अनुलग्नक :–</u> अभ्यर्थियों को संलग्न करना होगा।

1. आवेदक राजपत्रित अधिकारी द्वारा सत्यापित एक पासपोर्ट के आकार का फोटो आवेदन पत्र में विहित स्थान पर चिपकांए एवं पासपोर्ट आकार की स्वअभिप्रमाणित दो फोटो आवेदन पत्र के साथ संलग्न करें।

2. 10x4½ सेंमी आकार का एक स्वपता लिखा लिफाफा जिसपर 30/– रु0 का डाक टिकट लगा हो।

*3. राजपत्रित अधिकारी द्वारा सत्यापित **शैक्षणिक योग्यता, जन्म तिथि, वैघ पेशागत हल्का मोटर वाहन चालन लाईसेंस** (**प्रोफेशनल** ड्राईविंग **लाईसेंस**) **एवं अनुभव प्रमाण** पत्र की अद्यतन प्रति।*

*5. यदि आरक्षण का दावा करते हैं तो राजपत्रित अधिकारी द्वारा विधिवत सत्यापित, जिला मजिस्ट्रेट / उपायुक्त या सक्षम पदाधिकारी द्वारा जारी / प्रतिहस्ताक्षरित **जाति प्रमाण पत्र** एवं सक्षम पदाधिकारी द्वारा जारी **अधिवास प्रमाणपत्र** की अद्यतन प्रति।*
6. विकलांगता अभ्यर्थी के मामले में सक्षम पदाधिकारी द्वारा जारी विकलांग प्रमाण पत्र की प्रति जो राजपत्रित अधिकारी द्वारा विधिवत सत्यापित हो।

महत्वपूर्ण :

*1. आवेदन केवल **हिन्दी** में अभ्यर्थी के द्वारा ही भरा होना चाहिए।*

2. पद की भर्ती के लिए चयन समिति/उच्च न्यायालय का निर्णय अंतिम होगा और सभी संबंधित अभ्यर्थी इससे बाध्य होगें और इस संबंध में किसी भी पत्रव्यवहार पर विचार नहीं किया जाएगा।

3. पात्रता परीक्षा की तारीख और स्थान अंकित, प्रवेश पत्रों को डाक द्वारा व्यक्तिशः अभ्यर्थियों को अग्रेषित किया जाएगा, यदि अभ्यर्थी को प्रवेश पत्र नहीं मिलता है तो उसे परीक्षा की नियत तिथि से कम से कम दो दिन पहले उच्च न्यायालय के महानिबंधक से संपर्क करना होगा।

4. अपूर्ण आवेदन जो उपरोक्त निर्धारित अपेक्षाओं के अनुरुप नहीं होंगे रद्द कर दिए जांएगे और इस संदर्भ में आगे कोई पत्रव्यवहार स्वीकार्य नहीं होगा।

5. किसी भी प्रकार की सिफारिश उम्मीदवारी को रद्द कर सकती है।

*6. आवेदन पत्र के लिफाफे पर **आवेदित पद "स्टाफ कार चालक"** अंकित होना चाहिए।*

महानिबंधक
झारखण्ड उच्च न्यायालय
राँची

आवेदन का प्रपत्र

राजपत्रित पदाधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित अद्यतन पासपोर्ट आकार का फोटो चिपकाए

1. आवेदक का नाम – ....

2. पिता/पति का नाम ....

3. पत्राचार हेतु पता (पिन कोड के साथ) ....

4. स्थायी पता (पिन कोड के साथ)..

5. जन्म की तारीख और स्थान ....

31.01.2013 को आयुः– वर्षः .... महीनाः .... दिनः..........

6. दूरभाष संख्या/मोबाइल नम्बर(यदि हो तो)..

ई–मेल(यदि हो तो) ....

7. राष्ट्रीयता ....

8. शैक्षणिक योग्यता ....

9. व्यवसायिक कार चालक के रुप में अनुभव (पूर्ण विवरण सहित) .....

10. अन्य विशेष योग्यता यदि कोई हो ....

11. श्रेणी (सही का निशान लगाएं) ....

1. सामान्य 2. अत्यन्त पिछड़ा वर्ग (अनुसूची – 1) 3. पिछड़ा वर्ग (अनुसूची II) 4. अनुसूचित जाति 5. अनुसूचित जनजाति

12. क्या शारिरिक विकलांगता के संदर्भ में आवेदन कर रहें हैं, यदि हाँ तो

(क) शारिरिक विकलांगता के प्रकार लिखें..

(ख) विकलांगता का प्रतिशत लिखें ....

13. लिंग (कृप्या लिखें) ....

14. अनुलग्नक –

घोषणा

प्रमाणित किया जाता है कि मेरे द्वारा प्रस्तृत विवरण/ सूचना/ प्रविष्टियाँ मेरे लिखावट में भरी गई हैं एवं मेरी जानकारी से सही है, यह भी प्रमाणित किया जाता है कि मेरे खिलाफ कोई कानूनी केस लंबित नहीं है ना ही मैं दडंनीय अपराध के अंतर्गत दंडित किया गया हुँ, ना ही मैं नैतिक भ्रष्टाचार में संबद्ध किसी अपराध के कानूनी केस से संबधित हुँ, मैं जानता हुँ कि यदि यहाँ कथित कुछ भी झूठा/गलत पाया जाता है, तो चयन प्रकिया के किसी भी चरण में बगैर किसी भी सूचना के झारखण्ड उच्च न्यायालय मेरी उम्मीदवारी रद्द या नियुक्ति को समाप्त कर सकती है और फौजदारी/ दण्डनीय कानूनों के अधीन मेरे अभियोजन का कारण भी बनेगा।

दिनांक .... अभ्यर्थी के हस्ताक्षर

स्थान ....